भारतीय सांकेतिक भाषा (ISL) का विस्तार

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में भारत ने भारतीय सांकेतिक भाषा (ISL) **शब्दकोष** में **अंग्रेज़ी और हिंदी** के शब्दों सहित लगभग **2,500 नए शब्द जोड़े हैं**, जैसे- आधार कार्ड, ब्लॉकचेन, उरसा नेबुला आदि।

- अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस 2024 के उत्सव के दौरान "**सांकेतिक भाषा अधिकारों के लिये साइन अप करें"** थीम के साथ नए शब्द जोड़े गए।
  - संयुक्त राष्ट्र महासभा **द्वारा वर्ष 2017 में 23 सितंबर** को अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के रूप में घोषित किया गया था, जिसे **पहली बार वर्ष 2018 में मनाया गया था।**
  - विश्व बधिर संघ (WFD) **की स्थापना** 23 सितंबर, 1951 को हुई थी।
- ISL के विस्तार से **बधिर समुदाय की सहभागिता विशेष रूप से वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और इंटरनेट** संबंधी संदर्भों में सुगम हुई।
- ISL शब्दकोष के विस्तार का नेतृत्व भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (ISLRTC) **ने किया।**
  - ISLRTC एक **स्वायत्त संगठन है जो** सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत स्थापित है और **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय** के अधीन कार्य करता है।
- यह शोध, शैक्षिक पहुँच को बढ़ावा देने और भाषाई प्रणाली के रूप में **भारतीय सांकेतिक भाषा** को बढ़ावा देने के लिये समर्पित है।

और पढ़ें: दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाना

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/expansion-of-indian-sign-language-isl-